-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 06.05.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी बबेरु के नेतृत्व में थाना बिसण्डा क्षेत्र के ग्राम मिलाथू में गोष्ठी का किया आयोजन। गोष्ठी में बाल-विवाह, आत्महत्या, सड़क दुर्घटना आदि के सम्बन्ध में लोगों को किया गया जागरुक।**

विवरण- शासन की मंशानुसार मिशन शक्ति- 5.O अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 06.05.2025 को क्षेत्राधिकारी बबेरु श्री सौरभ सिंह के नेतृत्व में थाना बिसण्डा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मिलाथू में गोष्ठी कर लोगों को जागरुक किया गया। गोष्ठी में लोगों बाल-विवाह, आत्महत्या, सड़क दुर्घटनाओं आदि के रोकथाम हेतु जागरुक कर उनसे होने वाली हानियों व सम्बन्धित कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को शासन द्वारा महिलाओं/बच्चों/छात्राओं आदि को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों जैसे मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नम्बर- 1930 जैसी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बरों की सेवाओं आदि के बारे में जानकारी दी गई।